भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †124
सोमवार, 04 दिसम्बर, 2023/13 अग्रहायण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

बर्धमान में नए पर्यटन स्थल विकसित करने हेतु पहल

†124. श्री सुनील कुमार मंडल:
क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) क्या सरकार ने पश्चिम बंगाल के पूर्वी बर्धमान में कालना, कटवा, रैना और पुरबोस्थली-II में नए पर्यटन स्थलों को विकसित करने की कोई पहल की है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(ग) विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान देश में पर्यटन स्थलों से अर्जित कुल राजस्व का ब्यौरा क्या है; और
(घ) नए पर्यटन स्थलों के विकास के लिए सरकार द्वारा राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और वर्ष-वार कितनी निधी का निवेश किया गया है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन', 'राष्ट्रीय तीर्थयात्रा जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान मिशन (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता' नामक योजनाओं के तहत पश्चिम बंगाल सहित देश के विभिन्न पर्यटन गंतव्यों/स्थलों पर पर्यटन संबंधी अवसंरचना और सुविधाओं के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों/केन्द्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

पश्चिम बंगाल राज्य में उपर्युक्त योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाएं और स्वीकृत राशि तथा उनकी स्थिति का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

पर्यटन से होने वाले राजस्व से संबंधित आंकड़े पर्यटन मंत्रालय द्वारा तैयार नहीं किए जाते हैं। तथापि, चालू वर्ष (सितम्बर, 2023 तक) सहित पिछले तीन वर्षों के दौरान पर्यटन से वर्ष-वार विदेशी मुद्रा आय (एफईई) का विवरण निम्नानुसार है-

वर्ष	**विदेशी मुद्रा आय (करोड़ रुपये में)**
2020 #2	50136
2021#2	65070
2022 #2	139935
2023 #1 (जनवरी-सितंबर)	166660

#2: संशोधित अनुमान
#1: अनंतिम अनुमान

*****

अनुबंध

श्री सुनील कुमार मंडल द्वारा बर्धमान में नए पर्यटन स्थल विकसित करने हेतु पहल के संबंध में दिनांक 04.12.2023 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †124 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन योजना
(करोड़ रु. में)

क्र.	**राज्य**	**परिपथ/स्वीकृति**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत**	**जारी की**	**भौतिक**

सं.		वर्ष		राशि	गई राशि	स्थिति (%)
1.	पश्चिम बंगाल	तटीय परिपथ 2015-16	तटीय परिपथ: उदयपुर-दीघा-शंकरपुर-ताजपुर-मंदारमणि-फ्रेजरगंज-बक्खलई-हेनरी द्वीप का विकास	67.99	65.07	पूर्ण

प्रशाद योजना

(**करोड़ रु. में**)

क्र. सं.	राज्य	परियोजना का नाम	स्वीकृति वर्ष	अनुमोदित लागत	जारी की गई राशि	भौतिक प्रगति (%)
1.	पश्चिम बंगाल	बेलूर मठ का विकास	2016-17	30.03	23.39	92%

पर्यटन अवसंरचना विकास योजना हेतु केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता योजना

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	राज्य	परियोजनाओं के नाम	केंद्रीय एजेंसी	स्वीकृत राशि	जारी की गई राशि	स्थिति
वर्ष 2017-18						
1.	पश्चिम बंगाल	रामपुरहाट रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास	रेल मंत्रालय	3.48	1.74	काम पूर्ण हुआ । तथापि, पूर्णता प्रमाण-पत्र प्रतीक्षित है।
2.	पश्चिम बंगाल	तारकेश्वर रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास	रेल मंत्रालय	3.87	1.93	जारी
वर्ष 2019-20						
3.	पश्चिम बंगाल	न्यू जलपाईगुड़ी रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास	रेल मंत्रालय	4.55	2.27	रेल मंत्रालय द्वारा शॉर्ट क्लोजर के लिए सिफारिश की गई क्योंकि स्टेशनों का चयन अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत किया गया है

*****